No. of Printed Pages : 6 **ECO-014**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

# ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO-14 : ACCOUNTANCY-II

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

*Weightage : 70%*

---

**Note:** Attempt any four questions including question no. 1 which of compulsory.

---

1. Attempt any two of the following questions: 7,7

   (a) Differentiate between 'Hire Purchase System' and 'Instalment Payment System'.

   (b) Briefly explain the accounting treatment of goodwill at the time of admission of a new partner when it is not to appear in the books.

   (c) Discuss the limitations of Ratio Analysis.

   (d) Explain the importance of Departmental Accounts.

2. Explain various provisions of Companies Act regarding the issue of debentures at a discount. Give accounting treatment of debentures issued as a collateral security by the company. 8,4

3. Write short notes on the following including their treatment in accounts. 6,6

   (a) Goods in Transit

   (b) Cash in Transit

4. Mr. Harpal Singh purchased a Tractor from Escorts Ltd. for Rs. 22,000 on hire purchase system, and paid Rs. 2,000 immediately and the balance to be paid in 4 annual instalments of Rs. 5000 each with interest at 8% p.a. The depreciation is to be charged at 10% p.a. on written down value method. Mr. Harpal Singh paid two instalments and failed to pay the third instalment. Escorts Ltd. took away the tractor by paying Rs. 9000 in cash.

   Prepare Necessary Ledger accounts in the books of Mr. Harpal Singh. 12.

5. On 1st January, 2016 X, Y and Z started business sharing Profit and Losses in the ratio of 3:2:1 respectively. They contributed Rs. 1,00,000 Rs. 80,000 and Rs. 40,000 respectively as their Capital. Each partner withdrew Rs. 15,000 for

personal use during the year. The firm was dissolved on $31^{st}$ Dec 2016. X took up the stock at an agreed price of Rs. 25,000. Y took up furniture at Rs. 5000 and Z took up debtors at Rs. 18,500. Creditors were duly paid off, and then remained a balance of Rs. 14,000 in Bank Account.

Prepare necessary accounts to show the distribution of cash at Bank and of the further cash brought in by any of the partners. 12

6. (a) A Ltd. forfeited 500 shares of Rs. 100 each fully called up for non-payment of 1st call of Rs. 20 per share and final call of Rs. 20 per share. Out of the forfeited shares 300 shares were re-issued at Rs. 90 per share as fully paid up. Give journal entries in the books of the company. 6

(b) Why and how are pre and post incorporation profits and losses calculated? Show with examples. 6

—x—

ई.सी.ओ.-014

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-014 : लेखाविधि-II

समय : 2 घण्टे अधिकतम अंक : 50

कुल का : 70%

**नोटः** किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिये जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो क्योंकि यह अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखियेः 7,7

   (a) 'अवक्रय प्रणाली' तथा 'किश्तों में भुगतान प्रणाली' में अंतर का उल्लेख कीजिये।

   (b) एक साझेदार के प्रवेश के समय ख्याति का लेखांकन कैसे किया जाता है जब इसे पुस्तकों में नहीं दिखाया जाना तय हुआ हो।

   (c) अनुपात विश्लेषण की सीमाओं का विवेचन कीजिये।

   (d) विभागीय लेखों के महत्त्व की व्याख्या कीजिये।

2. ऋणपत्रों के छूट पर निर्गमित करने से सम्बंधित कंपनी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की व्याख्या कीजिये, तथा कंपनी द्वारा इन्हें समर्थक ऋणाधार के रूप में निर्गमित करने सम्बंधी लेखा प्रविष्टियां दीजिये। 8,4

3. निम्नलिखित पर उनकी लेखांकन विधि शामिल करते हुए संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखियेः 6,6

   (a) मार्गस्थ माल

   (b) मार्गस्थ रोकड़

4. श्री हरपाल सिंह ने एस्कॉर्टस लि. से 22,000 रु. में अवक्रय पद्धति के आधार पर एक ट्रैकटर खरीदा तथा 2,000 रु. तुरन्त भुगतान कर के शेष पांच-पांच हज़ार रु. की चार वार्षिक किश्तों में 8% ब्याज के साथ भुगतान करने का करार किया। मूल्यह्रास ह्रासित मूल्य पर 10% प्रति वर्ष की दर से लगाया जाना है। श्री हरपाल सिंह ने दो किश्तों का भुगतान कर दिया परन्तु तीसरी किश्त का भुगतान नहीं कर सके। एस्कॉर्टस लि. ने 9,000 रु. का भुगतान करके इनसे ट्रैक्टर वापस ले लिया।

   श्री हरपाल सिंह की पुस्तकों में आवश्यक लेजर खाते दिखाइए।

   12

5. 1 जनवरी, 2016 को X, Y व Z ने व्यवसाय प्रारम्भ किया वे लाभ-हानि को 3:2:1 के अनुपात में आवंटित करते हैं। उन्होंने इसमें क्रमशः 1,00,000 रु., 80,000 रु. एवं 40,000 रु. की पूंजी लगायी। प्रत्येक साझेदार ने पूरे वर्ष में 15,000 रु. व्यक्तिगत उपयोग के लिए आहरित किये।

31 दिसंबर, 2016 को फर्म का विघटन हो गया। X ने फर्म का स्टाक 25,000 रु. की सहमत राशि पर ग्रहण कर लिया। Y ने 5,000 रु. में फर्नीचर ले लिया तथा Z ने देनदार 18,500 रु. में ले लिए। लेनदारों का पूरा भुगतान कर दिया गया। उसके बाद फर्म के बैंक खाते में 14,000 रु. की राशि शेष रह गयी।

बैंक शेष का वितरण तथा किसी भी साझेदार द्वारा लायी गयी राशि दिखाते हुए आवश्यक खाते तैयार कीजिये। 12

6. (a) A लि. ने 100 रु. प्रति शेयर वाले 500 शेयर, जिनकी पूरी राशि की मांग की जा चुकी थी, 20 रु. प्रति शेयर प्रथम मांग के तथा 20 रु. प्रति शेयर प्रथम मांग के तथा 20 रु. प्रति शेयर अंतिम मांग के भुगतान न किए जाने के कारण जब्त कर लिए। इनमें से 300 शेयर 90 रु. प्रति शेयर की दर से पूर्णदत्त शेयरों के रूप में पुनर्निगमित किए गए। कंपनी की पुस्तकों में इनकी आवश्यक जर्नल पृविष्टियां कीजिये। 6

(b) निगमन के पूर्व तथा निगमन के बाद के लाभ-हानि की कैसे एवं क्यों गणना की जाती है? उदाहरण सहित दर्शाइए। 6

—x—